# सैनिकों और पुलिस जवानों का सम्मान

## रवीन्द्र भवन में 'शौर्य गाथा एवं शौर्य अलंकरण 2026' का आयोजन, पुस्तकों का विमोचन

**भोपाल. 11 अप्रैल. राजधानी के रवीन्द्र भवन में शनिवार शाम 'शौर्य गाथा एवं शौर्य अलंकरण 2026' का आयोजन हुआ. यह कार्यक्रम शौर्य फाउंडेशन और 'आज की जनधारा' के संयुक्त तत्वावधान में किया गया. समारोह में वीरता, देशभक्ति और बलिदान की प्रेरक कहानियां प्रस्तुत की गई.**



कार्यक्रम में भारतीय सेना, केंद्रीय पुलिस बल और मध्य प्रदेश पुलिस के जवानों को उनके साहस और उत्कृष्ट सेवा के लिए शौर्य अलंकरण से सम्मानित किया गया. साथ ही शहीदों के परिजनों को मंच पर सम्मान देकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई. इस अवसर पर मंत्री विश्वास सारंग भी कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद रहे.

मुख्य अतिथि डॉ. दीपक वोहरा ने कहा कि वीरों की गाथाएं केवल इतिहास नहीं हैं, बल्कि वे देश के भविष्य को दिशा देती हैं. उन्होंने युवाओं को इनसे प्रेरणा लेने का संदेश दिया. कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण शहीद मेजर पद्मपाणि आचार्य (महावीर चक्र) की वीरता पर आधारित 'शौर्य गाथा' की प्रस्तुति रही. इसे लेफ्टिनेंट कर्नल मनोज कुमार सिन्हा ने प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया. उनकी प्रस्तुति ने पूरे सभागार को भावुक कर दिया. इस दौरान शहीद की पत्नी चारुलता आचार्य भी मौजूद रहीं.

### दो पुस्तकों का विमोचन

समारोह में 'हमारा विरसा हमारी विरासत' श्रृंखला की दो पुस्तकों का विमोचन भी किया गया. पहली पुस्तक में छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों की कहानियां हैं. दूसरी पुस्तक में संत परंपरा और समाज सुधारकों के योगदान को बताया गया है. वरिष्ठ पत्रकार सुभाष मिश्र ने कहा कि शौर्य केवल युद्ध में ही नहीं, बल्कि हर उस व्यक्ति में होता है, जो देशहित को सबसे ऊपर रखता है. उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है. अंत में शौर्य फाउंडेशन के अध्यक्ष अंशुमन खरे ने सभी का आभार व्यक्त किया.



# चित्रों के रंगों में दिखी परंपरा और प्रयोग

रवीन्द्र भवन में दो दिनी कलाग्या चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ

**नवबारत प्रतिनिधि, भोपाल, 11 अप्रैल. रवींद्र भवन की ललित आर्ट गैलरी में शनिवार से शुरू हुई दो दिवसीय कलाग्या चित्र प्रदर्शनी में कला के विविध रूपों ने दर्शकों को आकर्षित किया. यहां कलाकारों की कृतियों में परंपरा और आधुनिक प्रयोग का अनूठा संगम नजर आया. जिसमें करीब 70 कलाकारों ने 150 से अधिक चित्रों को प्रदर्शित किया.**

### स्पिरिचुअल आर्ट में भावनाओं की अभिव्यक्ति




कलाकार साक्षी बघेल ने बताया कि उन्होंने देवी दुर्गा, भगवान जगन्नाथ की पेंटिंग्स में आध्यात्मिकता और एक चित्र में शिव पार्वती के प्रेम और जगत की शांति को दिखाने का प्रयास किया है. जिसे बनाने में एक्रेलिक रंगों के साथ बीड्स और स्टोन का उपयोग किया है.

### रिलीफ आर्ट में पिचवाई शैली का नया रूप



कलाकार प्रमोत्तमा ने बताया कि उन्होंने अपने चित्रों में रिलीफ आर्ट के जरिए पिचवाई शैली को नए रूप में प्रस्तुत किया. उन्होंने बताया कि यह कला पर्शियन रिलीफ और तिब्बती आर्ट से प्रेरित है. इसमें मार्बल पाउडर और कोन वर्क का उपयोग कर उभरी हुई आकृतियां बनाई गई हैं.

### हेरिटेज को 3डी में ढाला



कलाकार पूजा जालौरी ने बताया कि उन्होंने पुराने महलों और दरवाजों की खूबसूरती को 3डी पेंटिंग में उतारा है. उन्होंने कैनवास पर पुट्टी के जरिए पुराने महलों में बनी खिड़की को केरने का प्रयास किया है. जिसे बनाने में करीब 5 से 7 दिन लगे.

# विद्यार्थी महापुरुषों की जीवनी पढ़ें : डीजीपी

▸ ओरिएंटल कॉलेज में कार्यक्रम का समापन

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 11 अप्रैल. ओरिएंटल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स द्वारा आयोजित 'टेकफिज़ फार्माज़ेफायर 2 के 26' का समापन समारोह 10 अप्रैल को पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ.**



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीजीपी मकवाणा ने वर्ष 2012 में संस्थान की अपनी पूर्व यात्रा को याद किया और अमिताभ बच्चन द्वारा प्रस्तुत 'मधुशाला' के पाठ की स्मृतियां साझा कीं. उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति ए. पी. जे. अब्दुल कलाम से हुई अपनी मुलाकात का उल्लेख करते हुए नेतृत्व और कर्तव्य के महत्व पर प्रकाश डाला.

अपने एसपी बस्तर कार्यकाल का उदाहरण देते हुए उन्होंने एक डकैती प्रकरण का जिक्र किया और पुलिसिंग में सतर्कता, टीमवर्क तथा रात्रि गश्त की अहमियत बताई. उन्होंने कहा कि समर्पित प्रयासों से चोरी गया सामान बरामद हुआ और पीड़ितों को न्याय मिला. डीजीपी ने विद्यार्थियों को अनुशासन अपनाने, महान व्यक्तित्वों की जीवनी पढ़ने और नशे से दूर रहने की सलाह दी. इस अवसर पर उन्होंने 'द साइबर टाइम' पत्रिका का विमोचन किया तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया. समारोह की अध्यक्षता चांसलर प्रवीण ठकराल ने की, प्रो-चांसलर गौरव ठकराल भी उपस्थित रहे.



# पुस्तक का लोकार्पण, कविता पाठ

**भोपाल, 11 अप्रैल.** तुलसी साहित्य अकादमी द्वारा सृजन श्रृंखला-57 के अंतर्गत पुस्तक लोकार्पण एवं समीक्षात्मक विमर्श तथा कविता पाठ का आयोजन किया गया. अध्यक्षता डा.मोहन तिवारी आनंद, राष्ट्रीय अध्यक्ष, तुलसी साहित्य अकादमी भोपाल ने की. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्रभुशंकर शुक्ल, सारस्वत अतिथि डॉ.सुरेश पटवा, विशिष्ट अतिथि कैलाश आदमी रहे. अतिथियों ने मां सरस्वती का पूजन, दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुरू किया. इस दौरान कवियों ने कविता पाठ किया.

# भारत भवन में नाटक 'आनंद मठ' ने बांधा समां

▸ संरक्षण शिविर और कार्यशाला का समापन

**भोपाल, 11 अप्रैल. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, भोपाल मंडल द्वारा आयोजित संरक्षण शिविर एवं कार्यशाला का शनिवार को समापन हो गया. यह कार्यशाला 6 अप्रैल से आयोजित की गई, जिसमें संरक्षण एवं पुनर्स्थापन से जुड़े विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया.**

समापन समारोह भारत भवन में आयोजित किया गया. इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत 'आनंद मठ' नाटक का प्रभावशाली मंचन किया गया. इस नाटक का निर्देशन मप्र नाट्य विद्यालय के डायरेक्टर संजय श्रीवास्तव ने किया.

नाटक में देशभक्ति और त्याग की भावना को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया. इसमें दिखाया गया कि कैसे आनंद मठ के संन्यासियों ने भारत माता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने तक का संकल्प लिया और विदेशी सत्ता के खिलाफ संघर्ष किया.



कलाकारों के अभिनय में देशभक्ति, त्याग और एकता साफ नजर आई, जिसे सभी ने खूब पसंद किया. अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए. विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया.

# एलएनसीटी में एहेड प्लेटफार्म का शुभारंभ

**भोपाल, 11 अप्रैल.** एलएनसीटी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस और एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में एहेड प्लेटफॉर्म का भव्य शुभारंभ किया गया. एहेड एआई को एक 'करियर कंपैनियन' के रूप में पेश किया गया है. यह प्लेटफॉर्म आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से छात्रों और पेशेवरों को उनके करियर से जुड़े सही निर्णय लेने में सहायता करेगा. इसका मुख्य उद्देश्य करियर की यात्रा को आसान, सशक्त और आधुनिक बनाना है. इससे छात्रोंको करियर मार्गदर्शन मिलेगा. कार्यक्रम में बताया गया कि यह प्लेटफॉर्म छात्रों को अपने कौशल पहचानने, नए स्किल्स सीखने और बेहतर करियर विकल्प चुनने में मदद करेगा.

## एक नजर में

### कई इलाकों में आज होगी बिजली कटौती

**भोपाल.** मेंटेनेंस के चलते राजधानी के लगभग 50 इलाकों में रविवार को 6 से 7 घंटे तक की बिजली कटौती होगी. जानकारी के अनुसार सुबह 10 से शाम 4 बजे तक जीएडी चौराहा, ईदगाह, क्लॉसिस अपॉर्टमेंट, संजय नगर, मौलाना आजाद कॉलोनी, प्रिंस कॉलोनी, प्रभु नगर, नियामतपुरा एवं आसपास सप्लाई बंद रहेगी. सुबह 10 से शाम 4 बजे तक न्यू सुभाष नगर, अर्जुन नगर, अशोक नगर, शालीमार कॉम्पलेक्स, अशोका इन्क्लेव, बाग दिलकुशा, पुल बोगदा, बिजली नगर कॉलोनी, चंबल कॉलोनी, सजदा नगर, कर्बला रोड, मीसा अपॉर्टमेंट, नर्मदा कॉम्पलेक्स एवं आसपास के इलाके में कटौती रहेगी. इसके अलावा सुबह 10 से शाम 5 बजे तक गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल, इरानी बस्ती, भानपुर, गीता नगर, लीलाधर कॉलोनी, समता नगर, कुटिर नगर, भंवर नगर, जवाहर कॉलोनी, चंदन नगर, शिव नगर फेस-3 और 4, मालीखेड़ी, शबरी नगर, पिपलिया बाज खां, विजय नगर, पटेल नगर, बिहारी बस्ती में बिजली सप्लाई बंद रहेगी. दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक झरनेश्वर कॉम्पलेक्स, प्रताप नगर, इंद्रा भवन कॉलोनी, आंचल छात्रवास, सागर अपॉर्टमेंट एवं आसपास बिजली कटौती होगी.



### मानव संग्रहालय में 'निंगला पा-थोई' का उद्घाटन

**भोपाल.** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में 'माह का प्रादर्श' श्रृंखला के अंतर्गत 'निंगला पा-थोई : एक अनुष्ठानिक परिधान' का उद्घाटन किया गया. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बिंदु शर्मा (प्रधान मुख्य वन संरक्षक) ने दीप प्रज्वलित कर प्रादर्श का शुभारंभ किया. उन्होंने कहा कि मानव संग्रहालय देश की लोक एवं जनजातीय सांस्कृतिक विविधता को संरक्षित और प्रदर्शित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है. उन्होंने वन विभाग की ओर से संग्रहालय के साथ मिलकर वन उत्पाद आधारित कला एवं शिल्प के संवर्धन के लिए योजनाएं तैयार करने की बात कही. प्रादर्श की संयोजक आयशा गराबडू ने 'निंगला पा-थोई' परिधान के बारे में बताया कि यह थंगल नागा समुदाय की महिलाओं द्वारा पहना जाने वाला पारंपरिक वस्त्र है, जो विवाह उपरांत होने वाले निंगला समारोह में दुल्हन को उपहार स्वरूप दिया जाता है. जिससे सम्मान, पारिवारिक संबंधों और सांस्कृतिक निरंतरता का प्रतीक मन जाता है. कार्यक्रम में एचबीएस परिहार, राजेंद्र झारिया, डॉ. मोहन लाल, दीपक चौधरी, डॉ. पी. अनुराधा, राजीव कुमार जैन, डॉ. प्रीतम चौधरी, डॉ. उमेश झरिया, राजेश गौतम, डॉ. रविंद्र गुप्ता आदि उपस्थित रहे.





### खेल स्पर्धाओं के लिए खिलाड़ियों का चयन

**भोपाल.** 12वीं स्टेट स्कूल एजुकेशन डिपार्टमेंटल स्पोर्ट्स के अंतर्गत शनिवार को टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल में बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस की जनजातीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता में -50 एवं 50+ आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष कर्मचारी-अधिकारियों ने भाग लिया. उक्त प्रतियोगिताओं से चयनित प्रतिभागी खिलाड़ी आगामी 12वीं स्टेट स्कूल एजुकेशन डिपार्टमेंटल स्पोर्ट्स 2025-26 की खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे. इस अवसर पर राज्य क्रीड़ा प्रभारी केके कहार और सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग मुख्यालय आदि भवन भोपाल रेखा पांचाल ने मेडल प्रदान कर सम्मानित किया.



### बीएसएसएस में फेयरवेल 2026 'सायोनारा' का आयोजन

**भोपाल.** भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज (बीएसएसएस) में आयोजित विदाई समारोह, 'फेयरवेल 2026 - सायोनारा' की मुख्य अतिथि पूर्णिमा सनमोरिया मिस सेंट्रल इंडिया थीं. प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर मुमताज खान, पूर्व मिसेज इंडिया अपेक्षा श्रीवास्तव और मिसेज इंडिया 2025 रनरअप आयुषी सिंह उपस्थिति रहीं. कार्यक्रम में छात्राओं ने नृत्य की प्रस्तुति दी.

# कस्तूरबा अस्पताल के नए भवन का उद्घाटन

**भेल संवाददाता**

**भोपाल, 11 अप्रैल. भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) के कस्तूरबा चिकित्सालय के नए भवन का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार उपाध्याय, कार्यकारी निदेशक, भेल भोपाल द्वारा किया गया.**





समारोह में विशिष्ट अतिथियों के रूप में टी.यू. सिंह, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एवं राघवेन्द्र शुक्ला, महाप्रबंधक (अस्पताल प्रशासन) उपस्थित रहे. महाप्रबंधक एवं चिकित्सा सेवाओं की प्रमुख डॉ. पोमिला सचदेवा ने मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्नत अधोसंरचना के महत्व पर प्रकाश डाला.

नवीनीकरण कार्य के अंतर्गत ब्लॉक 'ए' का आधुनिकीकरण, संयुक्त शल्य चिकित्सा वार्ड की स्थापना, आईसीयू के आपातकालीन निकास मार्गों में सुधार तथा कई नई सुविधाओं का समावेश किया गया है. इन सुधारों से अस्पताल की क्षमता और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने की दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी. अपने संबोधन में कार्यकारी निदेशक उपाध्याय ने कहा कि उन्नत सुविधाएं कर्मचारियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगी और स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाएंगी. कार्यक्रम का समापन सुरेश कुमार मरकाम, अतिरिक्त महाप्रबंधक (अस्पताल प्रशासन) द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ हुआ.

### बच्चों के लिए नि:शुल्क समर कैंप कल से शुरू होगा

**भोपाल.** जन विकास कल्याण समिति द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए 12 से 26 अप्रैल तक एक विशेष समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है. कैंप 5 वर्ष से 16 वर्ष तक के बच्चों के लिए पूरी तरह नि:शुल्क रखा गया है, जिससे अधिक से अधिक बच्चे इसमें भाग लेकर लाभ उठा सकें.

### आरएनटीयू के स्टार्टअप्स को 25.5 लाख रुपये की फंडिंग

**भोपाल.** आरएनटीयू के दो स्टार्टअप्स का चयन एमएसएमई आइडिया हैकाथॉन 5.0 के तहत वित्तीय सहयोग के लिए किया गया है. एमएसएमई द्वारा दोनों स्टार्टअप्स को 25.5 लाख की अनुदान राशि दी जाएगी. इसमें चयनित स्टार्टअप्स में अदनान अहमद अब्बासी का 'एआई-पावर्ड इंटीग्रेटेड सोल्युशन फॉर डिजिटाइजेशन, ट्रांसलेशन एंड रग' हनीफ सोहराब का 'लीस्ट वाटर एग्रीकल्चर' एक अभिनव, पेटेंटेड तकनीक शामिल है.

लाइव प्रसारण | रॉकेट मॉडल ने बढ़ाई विद्यार्थियों की जिज्ञासा

# विद्यार्थियों ने अंतरिक्ष विज्ञान को करीब से समझा

**नवभारत प्रतिनिधि,**

**भोपाल, 11 अप्रैल. आंचलिक विज्ञान केन्द्र में शनिवार को अंतरिक्ष विज्ञान को करीब से समझने का अवसर मिला. यहां आर्टेमिस टू मिशन के ओरायन अंतरिक्ष यान की सुरक्षित वापसी का लाइव प्रसारण किया गया. वहीं रॉकेट मॉडल प्रदर्शन ने विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति नई उत्सुकता जगा दी. कार्यक्रम में सुबह ओरायन अंतरिक्ष यान के पृथ्वी पर लौटने की प्रक्रिया को समझाया गया.**



वहीं पुन: प्रवेश के दौरान उत्पन्न ऊष्मा, वायुमंडल में घर्षण और सुरक्षित लैंडिंग जैसे जटिल वैज्ञानिक पहलुओं को भी छात्रों को समझाया गया. जिससे छात्रों को अंतरिक्ष तकनीक की बारीकियों को समझने का मौका मिला.

यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय मानव अंतरिक्ष उड़ान दिवस के उपलक्ष्य में किया गया. इसी दिन वर्ष 1961 में यूरी गागरिन ने पहली बार अंतरिक्ष यात्रा कर इतिहास रचा था. इस ऐतिहासिक संदर्भ ने कार्यक्रम को और प्रेरणादायक बना दिया.

### तीन तरह के रॉकेट मॉडल का प्रदर्शन

कार्यक्रम में तीन अलग अलग प्रकार के रॉकेट मॉडल प्रस्तुत किए गए. जल और वायु दाब आधारित रॉकेट से न्यूटन के तीसरे नियम को समझाया गया. एथेनॉल ईंधन रॉकेट के जरिए दहन और गैसों के विस्तार का सिद्धांत बताया गया. वहीं सॉलिड प्रोपेलेंट रॉकेट के माध्यम से वास्तविक रॉकेट तकनीक की कार्यप्रणाली को समझाया गया. जिसे विद्यार्थियों ने रॉकेट प्रक्षेपण का प्रत्यक्ष अनुभव से समझा.


वर्गीकृत विज्ञापन

**आवश्यकता**

भोपाल में जन आरोग्यम जेनेरिक मेडिकल स्टोर, दवाई की दुकान में कर्मचारियों की आवश्यकता है. आकर्षक वेतन.

**संपर्क करें**

7000778283

नोट- सिर्फ मेडिकल स्टोर के अनुभवी ही संपर्क करें.

**बेचना**

फार्मलैंड बेचना है- होशंगाबाद रोड वार्ड नंबर 85 दीपड़ी में 5000 - 5000 वर्गफिट के ऑन डिमांड कॉटेज, आरसीसी रोड, पानी, सीवेज, लाइट, नाली, पेड़-पौधे, बाउंड्री आदि प्रस्तावित 200 फीट और 80 फीट का मास्टर प्लान रोड पर.

मोबाइल नंबर
9425028901
7999151346

**बेचना**

4000 वर्गफीट आवासीय प्लाट बेचना है, जैन मंदिर के पास, अवधपुरी, भोपाल

**संपर्क**

8269029616

डिस्प्ले क्लासीफाइड

**RUDRAKSH TUTORS & INVESTMENT**



Well Defined Convent (Male/Female)

Home - Tutors are Available for Completitive / Non - Competitive Level

Class - (1st - XIIth) ICSE, CBSE, JEE, NEET All Govt. Exams

Stock Market Learning Tutors, we Manage your Port-Folio With Well Deciplane.

Call : 9425424192